>

Title: Need to take steps to complete railway underpass bridge in Rajapet in Amravati Parliamentary Constituency.

SHRI NAVNEET RAVI RANA (AMRAVATI): Hon. Speaker, today I will speak about the local issue in Amravati. It is required to speak in this House. राजापेट नाम से एक जगह है । यहां रेलवे का काम सेंट्रल गवर्नमेंट के रेलवे डिपार्टमेंट ने अप्रूव किया था कि डेढ़ साल में वहां बाई पास और अंडर पास अप्रूव करके, बना करके दे देंगे, पर आज चार साल हो चुके हैं, लेकिन उसका काम पूरा नहीं हुआ है । अगर वहां एंबुलेंस को जाना है, तो वह दस किलोमीटर घूम जाती है । अगर एंबुलेंस को सिर्फ क्रॉस करना है, तो उसे दस किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है । बच्चों के स्कूल्स के लिए प्रॉब्लम है । वहां पर रहने वाले एक लाख लोगों को रोज समस्या होती है ।

दूसरा मुद्दा है, हमारे यहां एक वैगन रेलवे कंपनी है, जिसका पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा ताई पाटिल जी के हाथ से सात साल पहले उद्‌घाटन हुआ था । आज सात साल बाद भी उसकी कमप्लीशन नहीं हुई है । मैं आपसे विनती करूंगी कि रेलवे डिपार्टमेंट को आदेश देकर वह अंडरपास ब्रिज, जो हमारे यहां राजापेट उड़ानपुल का बन रहा है, उसका जल्दी से जल्दी काम पूरा करे । वैगन रेलवे कंपनी का काम, जो पिछले सात सालों से बहुत धीमी गति से हो रहा है । उसके लिए फंड है, सब चीजें एवलेबल हैं, पर उसका काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है ।

मैं अध्यक्ष महोदय, आपसे विनती करूंगी कि रेलवे डिपार्टमेंट के अंडर आने वाले इस प्रोजेक्ट में फंड होने के बाद भी लेट क्यों हो रहा है, क्योंकि इससे रोज एक लाख लोगों को समस्या हो रही है? मैं आपसे इतनी ही विनती करूंगी ।